**दिनांक 24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य स्कीम मद से नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹4,90,62,000/- (सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-205 दिनांक-24.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹4,77,97,000/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1634(नि0) अनु0 दिनांक-01.01.2026)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 4,75,15,213/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 5,18,67,521/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-021323(भ0) 25-26 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-30.08.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 07.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 29.01.2026 / 30.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 16.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 17.02.2026 |

11 <u>**निविदादाता का नाम एवं पता**</u> -

(1) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No- 1210084, Class-I, BCD)।
(2) संजय कुमार सिंह, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 17/1/24, Class-I , IDA)।
(3) मे0 वि0टी0एस0 प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No-1250294, Class-I, BCD)।
(4) डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD)।
(5) जी0एस0के0 कुमार कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, नारदीगंज, नवादा (Reg. No- MD/BSEIDCL/2008/2025)।

12 <u>**तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-**</u>

<u>**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-**</u>

दिनांक 20.03.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल पॉच निविदाकार मे से तीन निविदाकार को सफल एवं दो निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार है:-

<u>**सफल निविदाकार:-**</u>

(1) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No- 1210084, Class-I, BCD)।
(2) मे0 वि0टी0एस0 प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No-1250294, Class-I, BCD)।
(3) डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD)।

**असफल निविदाकारः-**

(4) संजय कुमार सिंह, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 17/1/24, Class-I , IDA) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी SBD के Clause 4.5A(c) के अन्तर्गत M/S Grill Work (2263.51Kg) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा कोई भी अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है।
(ii) निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी SBD के Clause 4.2(i) "Credit Facility Certificate given by Indian Bank up to 10% of BOQ Amt." के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Bank Certificate उपलब्ध कराया गया है परंतु उक्त Bank Certificate पर तिथि 23.06.2026 वर्णित पाया गया है जो निविदा की शर्त्तो की अर्हता को पूरा नहीं करता है।

अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) एवं 4.2(i) के विरूद्ध तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

(5) जी0एस0के0 कुमार कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, नारदीगंज, नवादा (Reg. No- MD/BSEIDCL/2008/2025) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि (i) निविदा की शर्त्तो में मांगी गई एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) में Fire fighting ₹9,14,680/- एवं Furinture ₹20,83,642/- के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Fire fighting का राशि ₹4,57,824/- का अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया है जबकि Furinture के संबंध में कोई भी अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है।
(ii) निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी SBD के Clause 4.2(i) "Credit Facility Certificate given by Indian Bank up to 10% of BOQ Amt." के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Bank Certificate उपलब्ध कराया गया है परंतु उक्त Bank Certificate में तिथि उद्धृत नहीं पाया गया है।

अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) एवं 4.2(i) के तहृत तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-26.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

| निविदाकार द्वारा दिया गया आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| निविदाकार डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD) के पत्रांक-170 दिनांक-25.03.2026 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि संबंधित निविदा की तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान निम्नलिखित निविदाकारों के कागजात जॉच करने के क्रम में कुछ त्रुटि पायी गयी है। जिसका विवरण इस प्रकार है।<br>**1. BIPIN BUILDTECH PVT LTD.**<br>Director- Bipin Kumr,<br>Address- At New Area, Hanuman Nagar, Gaytri Mandir, Gondapur, PS-Nawada Sadar, Post+District- Nawada-805110.<br>(क) इनके द्वारा इस ऑनलाईन निविदा में न तो Self Phed License (PHED निबंधन | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः जॉच के क्रम में पाया गया कि:-<br>**1. BIPIN BUILDTECH PVT LTD.**<br>(क) निविदाकार बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No- 1210084, Class-I, BCD) द्वारा दी गई अनुभव प्रमाण-पत्र में PHED कार्य हेतु राशि ₹48,10,862/- का अनुभव वर्णित पाया गया जबकि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी राशि ₹6,05,861/- है। जो SBD की कंडिका-4.5A(C) की अर्हता को पूरा करता है।<br>निविदाकार द्वारा पी0एच0ई0डी0 हेतु अनुभव के संबंध में सबकॉट्रेक्ट नहीं किया गया है, जिसके कारण पी0एच0ई0डी0 निबंधन की आवश्यकता नहीं है। |

प्रमाण पत्र) संलग्न नही किया गया है। और न ही किसी को Sub-Contractor नियुक्त करने हेतु शपथ पत्र दिया गया है। जो SBD की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(e) की अर्हता को पुरा नही करता है।
(ख) इनके द्वारा इस ऑनलाईन निविदा में Steel Shuttering Plate के सभी Tax invoice (छायाप्रति संलग्न) में Qty Kg. में दर्शाया गया है। साथ ही साथ न तो Plate का Size दर्शाया और न ही Plate की संख्या दर्शाया गया है। जिसके कारण Sqft. की गणना नहीं किया जा सकता है। जो एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) कि अर्हता को पुरा नही करता है।

**2. V.T.S PROJECT PVT. LTD.**

Address- Triveni Niwas, F. No-101 R.K Avenue Road Rajendra Nagar Patna-16
(क) संबंधित निविदाकार को बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख ज्ञापांक-14/अ0प्र0-14-330/2025/2739/ पटना, दिनांक-27.02.2026 (छायाप्रति संलग्न) को दो वर्षो के लिए निलंबित किया गया है। जो NIT की कंडिका-33 की अर्हता को पुरा नहीं करता है।
(ख) संबंधित निविदाकार द्वारा Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd से SBD Clause-4.5(B)(a) के तहत मांगी गयी आवश्यक मशीनरी भाड़े पर लेने हेतु शपथ पत्र तथा प्रतिशपथ पत्र ऑनलाईन निविदा में अपलोड किया गया है। जबकि Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd. को अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग ज्ञापांक-26/विविध-02-03/2025/78 पटना दिनांक-06.01.2026 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा डिफौल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में में भाग लेने से वंचित किया गया है। जो NIT की कंडिका-33 की अर्हता को पूरा नहीं करता है।
(ग) इनके द्वारा PHED WORK हेतु Sub Contractor के रूप में Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd को नियुक्त किया गया है। जिसका PHED का निबंधन (छायाप्रति संलग्न) बिहार सरकार से है। लेकिन PHED WORK से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र झारखंड सरकार JIADA (छायाप्रति संलग्न) से निर्गत है तथा झारखण्ड सरकार

(ख) निविदाकार बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No- 1210084, Class-I, BCD) द्वारा उपलब्ध करायी गई दस्तावेजों में Shuttering Plate हेतु मात्रा 53710 Kg. उपलब्ध कराया गया।

दिनांक-01.01.2022 से प्रभावी भवन निर्माण विभाग के अनुसूचित दर में मद संख्या 5.09 Centring & Shuttering अन्तर्गत Thickness of Sheet 1.6mm ली गयी है। जिसके आधार पर 1 Kg Steel Plate का क्षेत्र 0.8567 Sqft. होगा। इस गुणक (Factor) के अनुसार Steel Shuttering (0.8567 X 53710Kg) = 46,013 Sqft. आती है जो निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी 3000 Sqft. से अधिक है अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) की अर्हता को पूरा करता है।
अतः आपत्तिकर्ता निविदाकार डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी द्वारा दिये गये आपत्ति के उपरोक्त कंडिका-1 का (क) एवं (ख) बिन्दु को अमान्य किया जाता है।

**2. V.T.S PROJECT PVT. LTD.**

(क) निविदाकार V.T.S Project Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna की कागजातों की पुनः जॉच की गई जॉचोपरांत आपत्तिकर्ता द्वारा संलग्न किये गये साक्ष्य में वर्णित पाया गया कि अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक-2739 दिनांक- 27.02.2026 को दो वर्षो के लिए निलंबित किया गया है।

विदित हो कि इस निविदा की निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.02.2026 है।

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-प्र0-06/द0वि0 निगम 03-02/2024-533(एस0) दिनांक-23.01.2013 एवं दिनांक-23.11.2021 को भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्गत पत्र में ''निविदा में भाग लेने के लिये Cut off Date निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि'' वर्णित है, साथ ही कंडिका-II में उद्धृत किया गया है कि निविदा प्राप्ति के उपरांत एवं निविदा निष्पादन के प्रक्रिया के दौरान यदि संवेदक का ऐसा कृत संज्ञान में आता है जिसके कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका-11 (क) के तहत उनपर अपराधिक मामला बन जाता है अथवा उनका निलंबन

| | |
|---|---|
| का PHED का Registration Certificate Online निविदा में अपलोड नहीं किया गया है। अर्थात् PHED License Valid नही है जो SBD जो SBD की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(e) की अर्हता को पुरा नही करता है। | कालीकृत/निलंबित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में भी उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>अतः निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.02.2026 है जबकि निलंबन दिनांक-27.02.2026 को किया गया है, परन्तु इस निविदा का निष्पादन प्रक्रियाधीन होने के कारण निविदाकार V.T.S Project Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विचार नहीं किया गया।<br>अतः आपत्तिकर्ता द्वारा दिये गये आपत्ति में इस बिन्दु को मान्य किया जाता है।<br>**(ख)** आपत्तिकर्ता, निविदाकार डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों एवं निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की पुनः जॉच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदाकार V.T.S Project Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna द्वारा Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna द्वारा शपथ के माध्यम से PHED संबंधी अनुभव प्रमाण-पत्र लिया गया है।<br>आपत्तिकर्ता द्वारा संलग्न दस्तावेजों में (आदेश) अभियंता प्रमुख, मुख्यालय जल संसाधन विभाग के पत्रांक-78 दिनांक-06.01.2026 द्वारा Defaulter घोषित करते हुए निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार वर्णित है।<br>उक्त जॉच के क्रम में ''आदेश'' अभियंता प्रमुख मुख्यालय जल संसाधन विभाग के पत्रांक-1673 दिनांक-24.03.2026 द्वारा Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna को डिबार से मुक्त किया जाना उद्धृत है।<br>अतः Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd दिनांक-23.03.2026 तक डिबार है। जबकि निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.02.2026 है। अर्थात् Systematic & Advance Construction Pvt. Ltd डिबार रहते हुए शपथ-पत्र के माध्यम से अनुभव प्रमाण-पत्र निविदाकार V.T.S Project Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna को दिया |

| | |
|---|---|
| | गया है। जो निविदा की शर्त्तों को पूरा नहीं करता हैं।<br>अतः निविदाकार डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी द्वारा दिये गये आपत्ति के उपरोक्त कंडिका-2 का (क) एवं (ख) बिन्दु को मान्य करते हुए V.T.S Project Pvt. Ltd, Rajendra Nagar, Patna को नॉन-रिसपॉसिव किया जाता है। |

अतः पॉच निविदाकार में से दो निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**दिनांक-07.04.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No- 1210084, Class-I, BCD) (2) डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, गौतम बुद्ध कॉलनी, गया जी (Reg. No- 1250215, Class-I, RWD) को **सफल** एवं (3) संजय कुमार सिंह, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 17/1/24, Class-I , IDA) (4) मे0 वि0टी0एस0 प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, पटना (Reg. No-1250294, Class-I, BCD) (5) जी0एस0के0 कुमार कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, नारदीगंज, नवादा (Reg. No- MD/BSEIDCL/2008/2025) को **असफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| **(विकास कुमार पाण्डेय)**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(मनोज कुमार सिंह)**<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(कुमार रवि)**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-03-120/2025....1113 (S)........ पटना/दिनांक...24/04/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

24.04.026